**सर्वोच्च प्राथमिकता/समयबद्व/द्वारा फैक्स/ई–मेल**

# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद–1

संख्याःदस–334(वरिष्ठता)–2013 दिनांकःअक्टूबर 09, 2014

## शुद्धि पत्र

आरक्षी स0पु0, एवं मुख्य आरक्षी स0पु0 (वि0श्रे0) से मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नति हेतु दिनांक 31.12.1977 तक के भर्ती कर्मियों की वर्षवार(बैच) सूची तैयार करने हेतु उ0प्र0 नॉमिनल रोल डाटा वेस प्रणाली पर उपलब्ध सूचना को डाउन लोड करके इनके सेवाभिलेखों के मिलान हेतु पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याःदस–334(वरिष्ठता)–2013 दिनांक 07.02.2014 एवं 06.03.2014 को समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष एवं पुलिस महानिरीक्षक जोन/परिक्षेत्र तथा अजनपदीय इकाईयों को ई–मेल/फैक्स के माध्यम से भेजकर दिनांक 08.03.2014 तक इनके सेवाभिलेखों से सत्यापन करके विद्यमान त्रुटियों के निवारण के पश्चात् उ0प्र0 नॉमिनल रोल डाटा वेस प्रणाली में भी संशोधन करते हुए पुलिस मुख्यालय को सही सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था।

2– इसी क्रम में जनपदों से प्राप्त संशोधित एवं संकलित सूचनाओं के आधार पर दिनांक 31.12.1977 तक के भर्ती आरक्षी स0पु0, मुख्य आरक्षी स0पु0 (वि0श्रे0) की त्रुटिरहित 2127 कर्मियों की अनन्तिम वर्षवार(बैच) सूची तैयार करके पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याः दस–334(वरिष्ठता)–2013 दिनांक 05.06. 2014 द्वारा समस्त सम्बन्धित के सूचनार्थ उ0प्र0 पुलिस की वेब साइट **http://uppolice.gov.in/page.aspx?estt.-matters-of-Armed-police** पर प्रकाशित करते हुए 07 दिवस का समय प्रदान कर दिनांक 12.06.2014 तक सूची में अंकित कर्मियों को आपत्तियॉ अपने नियुक्ति स्थान के कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया। साथ ही कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष से दिनांक 31.12.1977 तक के भर्ती अपने जनपद/इकाई में नियुक्ति कर्मियों से सूची में कर्मियों से मिलान करने व छूटे हुए नाम को सम्मिलित करने एवं विद्यमान त्रुटियों को शुद्ध कराने का पुनः अवसर प्रदान किया गया। इसी के साथ समाचार पत्रों में दिनांक 05.06.2014 को समस्त सम्बन्धित के सूचनार्थ विज्ञप्ति प्रकाशित की गई।

3– उक्त कर्मियों की दिनांक 05.06.2014 को प्रकाशित अनन्तिम सूची को सभी पुलिस लाइन, कार्यालयों एवं अन्य सम्बन्धित स्थानों पर प्रचार–प्रसार करने हेतु सूचना पट पर दिनांक 06.06.2014 को चस्पा कराने एवं वायरलेस सेट के माध्यम से प्रतिदिन 02 बार समस्त पुलिस लाइन/कार्यालय तथा अन्य सम्बन्धित स्थानों को प्रसारित करने के निर्देश निर्गत किये गये। इसके साथ ही समस्त जनपद/इकाईयों को निर्देश दिये गये थे कि वे प्राप्त आपत्तियों का निवारण दिनांक 14.06.2014 तक सम्यक विचारोपरान्त करके लिये गये निर्णय से सम्बन्धित कर्मी को अवगत करायेगें। इस प्रकार अनन्तिम सूची का विधिपूर्वक प्रचार–प्रसार करके आपत्तियों का निस्तारण कराया गया था।

4– समस्त आपत्तियों के निवारण के पश्चात् जनपदों से यह भी प्रमाण–पत्र प्राप्त किया गया कि सभी आपत्तियों का निवारण कर दिया गया है तथा उनके अधीन नियुक्त किसी अर्ह कर्मी का नाम छूटा नहीं है। इस प्रकार सभी सावधानियॉ अपनाये जाने एवं नियम सम्मत कार्यवाही पूर्ण कर पुनः जनपदों/इकाईयों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार सूची को संशोधित करते हुए कुल 2039 कर्मियों की अन्तिम सूची दिनांक 26.07. 2014 को सर्वसम्बन्धित के सूचनार्थ उ0प्र0 पुलिस की वेब साइट **http://uppolice.gov.in/page.aspx?estt.-matters-of-Armed-police** पर प्रकाशित की गई।

5– पुलिस विभाग के आरक्षी जनपदों/इकाईयों में दूरस्थ स्थानों में नियुक्त रहते है तथा अपने कर्तव्य की व्यस्तता के कारण निर्धारित तिथि तक आपत्तियॉ न प्रस्तुत करने अथवा विलम्ब से प्रस्तुत करने एवं न किया जाना नैसर्गिक न्याय के सिन्द्धांत के विपरीत होगा कि अन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित हो चुकी है। अन्तिम सूची प्रकाशित करने के पश्चात् जनपद कानपुर देहात द्वारा उनके अधीनस्थ नियुक्त तक के भर्ती आरक्षी स0पु0 पीएनओ नं0–762411902 इन्द्रपाल की पुलिस मुख्यालय की ई–मेल में जन्मतिथि **05–10–1954** के स्थान पर दिनांक **10.05.1954** अंकित कर भेजने के कारण दिनांक 31.12.1977 तक के भर्ती आरक्षी स0पु की दिनांक 26.07.2014 को प्रकाशित अन्तिम सूची में सम्मिलित होने से छूट गया था।

6– अतः जनपद कानपुर देहात द्वारा प्रेषित आरक्षी स0पु0 पीएनओ नं0–762411902 इन्द्रपाल की जन्मतिथि **दिनांक 10.05.1954** के स्थान पर **सही जन्मतिथि 05–10–1954** सूचित करने के कारण प्राप्त संशोधित सूचना के परीक्षण से प्रकाश में आये तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त इस आदेश के साथ संलग्न परिशिष्ट 'क' में उल्लिखित उक्त आरक्षी के नाम को उसके सम्मुख अंकित विवरण के अनुसार वर्षवार(बैच) की दिनांक 26.07.2014 को प्रकाशित अन्तिम सूची में यथा स्थान जोड़ने का निर्णय लिया गया है।

7– अतः अब उपरोक्त प्रकाशित अन्तिम सूची कुल 2040 कर्मियों की है तथा पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद के पत्र संख्याः दस–334(वरिष्ठता)2014 दिनांक 26.07.2014 द्वारा दिनांक 31.12.1977 तक के भर्ती आरक्षी स0पु0 एवं मुख्य आरक्षी स0पु0 (वि0श्रे0) की प्रकाशित अन्तिम वर्षवार(बैच) सूची में आरक्षी इन्द्रपाल पी0एन0ओ0 नं0–762411902 का नाम सूची के **क्रम संख्या–1014ए** एवं **बैच क्रम संख्या–102ए** पर जोड़ा गया है। अतः उपरोक्तानुसार समस्त सम्बन्धित को सूचित कर दिया जाय। यह शुद्धि–पत्र उ0प्र0

Sent 09/10/14

पुलिस की वेब साइट **http://uppolice.gov.in/page.aspx?estt.-matters-of-Armed-police** पर समस्त सम्बन्धित के सूचनार्थ प्रकाशित की गयी।

**<u>संलग्नकः उपरोक्तानुसार।</u>**

(भगवान स्वरूप)
**पुलिस उपमहानिरीक्षक, इलाहाबाद परिक्षेत्र/**
**पुलिस उपमहानिरीक्षक,स्थापना,**
**उत्तर प्रदेश।**

<u>संख्या तथा दिनांक वही।</u>

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त विभागाध्यक्ष्य पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।
2– समस्त कार्यालयाध्यक्ष पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।
3– समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
4– समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
5– पुलिस उपमहानिरीक्षक, एन0आई0ए0,1/131 विजयखण्ड गोमती नगर, लखनऊ।
6– निदेशक, अन्य पिछड़ा वर्ग निदेशालय इन्दिरा भवन, लखनऊ।
7– आयुक्त व्यापार कर विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
8– पुलिस अधीक्षक, पावर कारपोरेशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
9– पुलिस अधीक्षक, सीबीआई लखनऊ।
10– पुलिस अधीक्षक, वाणिज्यकर विभाग, लखनऊ।
11– संयुक्त सचिव, इलाहाबाद विकास प्राधिकरण इलाहाबाद।
12– सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।
13– मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, गौतमबुद्ध नगर।
14– संयुक्त सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
15– संयुक्त कार्यपालक अधिकारी, नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण, सेक्टर–6, गौतमबुद्ध नगर।
16– पुलिस अधीक्षक, कानपुर देहात को उनके पत्रांक प–44/2013 दिनांक 14.08.2014 के सन्दर्भ में पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 01.10.2014 के क्रम में इस आशय से प्रेषित कि उक्त कर्मी के अभिलेख भर्ती बोर्ड, लखनऊ को समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

<u>संख्या तथा दिनांक वही।</u>

**प्रतिलिपिः** निम्मलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अपर पुलिस महानिदेशक, कार्मिक उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2– सदस्य सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ।
3– पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया अपने स्तर से समस्त सम्बन्धित को अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने हेतु समुचित निर्देश निर्गत करने की कृपा करें।

## परिशिष्ट–"क"

पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याः दस–334(वरिष्ठता)–2013 दिनांक 26.07.2014 द्वारा प्रकाशित आरक्षी सशस्त्र पुलिस एवं मुख्य आरक्षी स0पु0 (वि0श्रे0) की अन्तिम सूची में सम्मिलित करने हेतु निम्नलिखित 01 कर्मी का नाम/विवरण जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपद द्वारा उसके नाम को अन्तिम सूची में सम्मिलित किये जाने का अनुरोध किया गया है, तद्नुसार इनका नाम अन्तिम सूची में जोड़े जाने का निर्णय लिया गया।

| क्र0सं0 | दि0 26.07.14 की क्रम संख्या | बैच क्रम संख्या | पर्सनल नं0 | कार्मिक का नाम | पिता का नाम | गृह जनपद | जन्मतिथि | भर्तीतिथि | भर्ती वर्ष | वर्तमान जनपद/इकाई | जनपद/इकाई | रेन्ज | जोन | जनपद/इकाई का सन्दर्भ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1 | 1014 A | 102 A | 762411902 | INDRAPAL | BHADDI | FATEHPUR | 05/10/1954 | 31/01/1976 | 1976 | KANPUR DEHAT (RAMABAI NAGAR) | KANPUR DEHAT (RAMABAI NAGAR) | KNR | KNR | पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के पत्रांक प–44/2013 दि0 14.08.2014 |

(अजय कुमार सिंह)
पुलिस उपाधीक्षक,स्थापना
उत्तर प्रदेश

(प्रद्युम्न सिंह)
अपर पुलिस अधीक्षक,स्थापना
उत्तर प्रदेश

(कवीन्द्र प्रताप सिंह)
पुलिस अधीक्षक,कार्मिक
उत्तर प्रदेश

(भगवान स्वरूप)
पुलिस उपमहानिरीक्षक इलाहाबाद परिक्षेत्र/
पुलिस उपमहानिरीक्षक,स्थापना
उत्तर प्रदेश